आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.09.2026 समय : 1905

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दक्षिण चीन सागर से अटलांटिक तक भारतीय युद्धपोतों की मौजूदगी देश की ब्लू–वॉटर नौसैनिक क्षमता को दर्शाती है।
- कला एवं संस्कृति विभाग तीन अक्टूबर को आयोजित करेगा विश्व युद्ध–द्वितीय पर विशेष हेरिटेज वॉक।
- डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने विद्यार्थियों के कल्याण और सहायता तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रयास – जुवेनाइल ऐड सेंटर सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन किया।
- मायाबंदर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को किया जाएगा।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलती प्रौद्योगिकी, अनिश्चित परिस्थितियों और भौगोलिक चुनौतियों के बीच भारतीय नौसेना को जमीनी स्तर पर रणनीतिक सोच और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की योजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी। भारतीय नौसेना कमांडर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में नौसेना महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका निभा रही है। उन्होंने 'ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान ने ऊर्जा आपूर्ति लाइनों और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में नौसेना की परिचालन क्षमता को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत संकट के समय सहायता, सुरक्षा सहयोग और भरोसे के प्रतीक के रूप में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है। दक्षिण चीन सागर, भूमध्य सागर और अटलांटिक में भारतीय युद्धपोतों की मौजूदगी देश की ब्लू–वॉटर नौसैनिक क्षमता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग द्वीपसमूह की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य से नियमित हेरिटेज वॉक आयोजित करेगा। तीन अक्टूबर को विश्व युद्ध–द्वितीय पर आधारित हेरिटेज वॉक आयोजित की जाएगी। यह वॉक सुबह साढ़े पाँच बजे से सात बजे तक होगी और सेल्युलर जेल से शुरू होकर बैटल ऑफ एबरडीन मेमोरियल, बंकर, अंडमान क्लब, फरजंद अली मार्केट, नेताजी क्लब, जुल्फिकार अली स्मारक, क्लॉक टावर होते हुए गांधी पार्क के बंकर और शिंतो श्राइन तक जाएगी। इतिहासकार डॉ. प्रणब कुमार सरकार, प्रतिभागियों को विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देंगे। हेरिटेज वॉक में पर्यटकों, विद्यार्थियों, पर्यटक गाइडों, टूर ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों और अंडमान के विरासत में रुचि रखने वाले लोगों के लिए भाग लेने का अवसर है। इच्छुक व्यक्ति कला एवं संस्कृति विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस और विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कंपोजिट रीजनल सेंटर ने अंडमान एवं निकोबार कॉलेज में 'माइंड मैटर्स–लव, लाइक्स, लाइफ एंड एवरीथिंग इन बिटवीन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम टेली–मानस, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और एनकॉल के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एनकॉल के प्राचार्य डॉ. जयकुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी भावनाओं और चिंताओं पर खुलकर बात करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर सहायता लेने का आग्रह किया। सी आर सी की निदेशक सुमिथामोल एस. ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उचित हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया। प्रतिभागियों को 24 घंटे उपलब्ध टेली–मानस की टोल–फ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन 14416 की जानकारी भी दी गई।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने विद्यार्थियों के कल्याण और सहायता तंत्र को मजबूत करनेके उद्देश्य से प्रयास – जुवेनाइल ऐड सेंटर सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इस सहयोग के तहत विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श,

जीवन–कौशल सहायता और जागरूकता कार्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक, व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सहायता देना तथा सुरक्षित, समावेशी और सहयोग पूर्ण शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अंडमान एवं निकोबार पुलिस की पुलिस मरीन फोर्स ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान मरीन पुलिस के परिचालन केंद्रों और समुद्री संसाधनों की सफाई की गई। पी एम एफ कर्मियों ने कार्यालय परिसरों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। इसके साथ ही नौकाओं और अन्य परिचालन परिसरों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा गया। इस अवसर पर तटीय और समुद्री क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जिम्मेदार व्यवहार के महत्व का संदेश दिया गया।

<><><><><><><>

मायाबंदर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं के जीवन–रक्षक योगदान को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जी.बी. पंत अस्पताल रक्त केंद्र द्वारा, अंडमान एवं निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी तथा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में कल और आज प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। पुडुचेरी विश्वविद्यालय के श्रीविजयपुरम परिसर स्थित प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्रोफेसर डॉ. सी. माधवैया ने व्याख्यान दिए। पहले दिन उन्होंने शिक्षा, करियर आकांक्षाओं और रोजगार के बीच बढ़ते अंतर तथा दूसरे दिन डिजिटल स्टोरी टेलिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन सामग्री निर्माण से उभरती 'क्रिएटर इकोनॉमी' पर विचार

साझा किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति ने विशेषज्ञ का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान को उपयोगी बताया।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज आंतरिक शिकायत समिति की ओर से पी ओ एस एच जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यौन उत्पीड़न, सहमति, व्यक्तिगत सीमाओं, अधिकारों, शिकायत निवारण प्रक्रिया और आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका पर जानकारी दी गई। राइट्स फॉर ऑल संस्था की अध्यक्ष एवं प्रमाणित पी ओ एस एच मास्टर ट्रेनर रुबीना सिद्दीकी ने विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया। इसमें करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

जिला परिषद दक्षिण अंडमान के अध्यक्ष पी. उम्मर ने वंडूर के वार्ड नंबर 3 में सड़क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद दक्षिण अंडमान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश सिंह ने की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य भरत शर्मा, वंडूर ग्राम पंचायत के उपप्रधान उत्तम कुमार राय, वार्ड सदस्य सुखलता पाहन सहित पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के खेल एवं युवा कार्य विभाग के अनुसार नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित स्विमिंग पूल कल से पुनः आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। रखरखाव कार्य पूरा होने के बाद पूल अब सदस्यों और गैर–सदस्यों के लिए निर्धारित नियमों एवं समय के अनुसार खुला रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में आज हिंदी पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस समारोह–2026 का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. बी. एस. वी. मीरा सेट्टी रहीं। 14 से 28 सितंबर तक आयोजित पखवाड़े के दौरान निबंध लेखन, सुलेख, पोस्टर निर्माण, चित्रकला, भाषण, कविता एवं कहानी पाठ तथा हिंदी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

<><><><><><><>